सबगुरु डिजिटल मीडिया प्लेटफार्म
फेसबुक पेज लिंक
https://www.facebook.com/sabgurunews/
वेबसाइट लिंक
https://www.sabguru.com/
यूट्यूब चैनल लिंक
https://www.youtube.com/channel/UCCcLf90UP-prqTinNwqUXZg/

**English Article Link:**
https://www.sabguru.com/en/the-role-of-dopamine-under-standing-the-feel-good-hor-mone/

SABGURU NEWS

# सबगुरु न्यूज

(राष्ट्रीय द्विभाषीय पाक्षिक)

मो.9887907277 Email ID sabgurunews@gmail.com Website https://www.sabguru.com

सम्पादक - विजय सिंह

RNI TITLE CODE NO. RAJBIL27046

खबरों के लिए स्कैन करें

वर्ष 1 | अंक 7 | अजमेर, सोमवार 25 सितम्बर 2023 | मूल्य 5 रुपए | पृष्ठ-4

## सम्पादकीय

### भारत की पहचान है सनातन, सनातन की छाया में ही अन्य धर्म सुरक्षित रह सकते हैं

सनातन धर्म के विरुद्ध विपक्षी नेताओं के बयानों की गाली गलौज भरी बौछारें देखकर पुरानी हिन्दी फिल्म का चर्चित गीत अच्छों को बुरा साबित करना दुनिया की पुरानी आदत है याद आता है। दुनिया की यह आदत रही होगी किन्तु भारतवर्ष की सनातन संस्कृति में उसकी मूलभूत विशेषता सहिष्णुता के कारण यह आदत कभी नहीं रही। गुलामी के काले दिनों में अंग्रेजों ने भारतवर्ष के धर्म, संस्कृति शिक्षा आदि समस्त अस्मिता सूचक महान संदर्भों के विरुद्ध षड्यन्त्रपूर्वक विष उगलना प्रारम्भ किया। उनके इसी विष को यहाँ के कम्यूनिस्टों ने शिक्षा, साहित्य और कला के धरातल पर स्वतंत्र भारत में निरन्तर फैलाया और आज यही जहर राजनीतिक रोटियाँ सेंकने के लिए विपक्ष के कुछ नेता उगल रहे हैं। सनातन धर्म, समानता के खिलाफ है वह कुष्ठ रोग की तरह हैए उसे डेंगू मलेरिया और कोरोना की तरह मिटाना होगा. आदि अपमान सूचक वाक्य देश की फिज़ा में गूँजकर देश.विदेश में बसे एक अरब से अधिक सनातनी हिन्दुओं की धार्मिक भावनाओं को आहत करके उनकी सहिष्णुता का खुला मजाक उड़ा रहे हैं। उन्हें समर्थन देने वाले इसे अभिव्यक्ति की आजादी कह रहे हैं और इसका समर्थन कर रहे हैं। यदि स्वयं को चर्चा में लाने और मीडिया में छाने के लिए ऐसी अनर्गल बयानबाजी अभिव्यक्ति की आजादी है तो इस पर कठोर प्रतिबंध लगाये जाने पर विचार करना आज की बड़ी आवश्यकता बन गयी है क्योंकि ऐसे बयानों से विपक्ष को सत्ता मिले या न मिले किन्तु सामाजिक समन्वय, सद्भाव और सहयोग अवश्य क्षत-विक्षत होगा। समाज में संघर्ष बढ़ेगा। इसलिए ऐसे नफरत भरे बयानों पर नियंत्रण अनिवार्य है। सनातन धर्म भारतवर्ष का अपना धर्म है। उसके सिद्धान्त शाश्वत हैं और न केवल भारतवर्ष के लिए अपितु समस्त विश्व के कल्याण के लिए संकल्पित हैं। हजारों वर्ष पूर्व सनातन धर्म ने सर्वे भवन्तु सुखिनः का उदार भाव व्यक्त किया और आज भी वह अपने धार्मिक अनुष्ठानों की समापन वेला में ष्विश्व का कल्याण हो, प्राणियों में सद्भावना हो. जैसे उद्घोष गुंजित कर अपनी मूल्य चेतना को स्वर देता है। प्रकृति के साथ उसकी गहरी रागात्मकता है जो नदी, सागर, पर्वत, वन, बादल, भूमि, वायु आदि में देवत्व का दर्शन कराती है और प्राकृतिक पर्यावरण की शुद्धता के लिए आवश्यक वातावरण का निर्माण करती है। सनातन धर्म के अद्वैत दर्शन ने मनुष्य के साथ.साथ जीवमात्र में परम सत्ता का दर्शन देकर पशु-पक्षियों, कीट-पतंगों तक की रक्षा का प्रावधान किया है। सनातन धर्म का प्रतिनिधि ग्रंथ श्रीमद्भगवदगीता ब्राह्मण, गाय, हाथी, कुत्ता, चाण्डाल सब में एक ही ईश्वर की उपस्थिति निर्देशित कर जीवमात्र की समानता का शंखनाद करता है। वैदिक युग से लेकर आज तक उसका प्रवाह निर्बाध रहा है। शास्त्र और शस्त्र सनातन धर्म की दो सशक्त भुजाएं हैं। राम- कृष्ण और शिव उसके प्रतीक आदर्श हैं। भारत में हिमालय से लेकर कन्याकुमारी तक फैले छोटे.बड़े करोड़ों मंदिर, चैरे, चबूतरे उसके ऊर्जा केन्द्र हैं और असंख्य साधु.संन्यासी उसके संरक्षक हैं। उसे मिटाने की बात करना दिन में सपने देखने जैसा है। सनातनी धर्म की रक्षा के लिए प्राणों की बाजी लगाने में अग्रणी हैं। शकों और हूणों जैसे बर्बर आक्रान्ताओं पर विजय प्राप्त करने वाला सनातन धर्म गजनवी, गोरी, तैमूर, औरंगजेब, नादिरशाह और अहमदशाह अब्दाली जैसे आक्रान्ताओं से टकराकर भी नहीं टूटा। ईस्ट इंडिया कंपनी के साथ आए पादरियों के कुचक्र और प्रलोभन उसे लुभा न सके। हजारों वर्ष के संघर्ष के बाद भी उसकी विजय पताका सबसे ऊँची है। शिकागो के सर्वधर्म सम्मेलन में स्वामी विवेकानन्द के व्याख्यान की सर्वस्वीकृति उसकी साक्षी है। सनातन दूर्वा है। उसमें दूर्वा की तरह झुककर पैरों तले रौंदे जाने पर भी अपने अस्तित्व को बचा ले जाने की अद्भुत क्षमता है। विधर्मी आक्रमणों और कुटिल षड्यंत्रों की कड़ी धूप में सूख जाने पर भी वह अवसर पाकर हरी हो उठती है। सनातन अमरवेल है। उसे अपने विस्तार के लिए कभी राजसिंहासन का सहारा नहीं लेना पड़ा।

## मोदी ने उदयपुर-जयपुर वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन को दिखाई हरी झंडी

अजमेर/उदयपुर। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से उदयपुर-जयपुर वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। ट्रेन का अजमेर रेलवे स्टेशन पहुंचने पर जोरदार स्वागत किया गया। प्रधानमंत्री ने उदयपुर जयपुर वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन सहित देश के विभिन्न हिस्सों में 9 वंदे भारत ट्रेनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किए जाने को देश में आधुनिक कनेक्टिविटी का एक अभूतपूर्व अवसर बताया। उन्होंने कहा कि बुनियादी ढांचे के विकास की यह गति और पैमाना 140 करोड़ भारतीयों की आकांक्षाओं से बिल्कुल मेल खाते हैं।





अजमेर रेलवे स्टेशन पर वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन को सांसद भागीरथ चौधरी ने दिखाई हरी झंडी।

मोदी ने कहा कि आज से शुरू हुई ट्रेनें अधिक आधुनिक और आरामदायक हैं। उन्होंने कहा कि ये वंदे भारत ट्रेनें नए भारत के नए उत्साह का प्रतीक हैं। उन्होंने कहा कि वंदे भारत ट्रेनों में एक करोड़ ग्यारह लाख से ज्यादा लोगों ने सफर किया है और इस बात पर खुशी जताई कि वंदे भारत के प्रति उत्साह बढ़ रहा है। उन्होंने बताया कि 25 वंदे भारत ट्रेनें विभिन्न राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में लोगों की सेवा में है। उन्होंने कहा कि आज इसमें नौ और वंदे भारत ट्रेनों को जोड़ा जा रहा है और वो दिन दूर नहींए जब वंदेभारत देश के हर हिस्से को कनेक्ट करेगी। उन्होंने कहा कि वंदे भारत उन लोगों के लिए फायदेमंद है जो समय बचाना चाहते हैं और एक ही दिन में यात्रा करना चाहते हैं। उन्होंने वंदे भारत से जुड़े स्थानों पर पर्यटन और आर्थिक गतिविधियों में वृद्धि पर भी प्रकाश डाला।मोदी ने देश में आशा और विश्वास के माहौल को रेखांकित करते हुए कहा कि हर नागरिक देश की उपलब्धियों पर गर्व महसूस कर रहा है। उन्होंने चंद्रयान.3 और आदित्य एल1 की ऐतिहासिक सफलताओं का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि इसी तरह जी20 की सफलता ने भारत के लोकतंत्र, जनसांख्यिकी और विविधता की ताकत को प्रदर्शित किया है।उन्होंने नारी शक्ति वंदन अधिनियम का उल्लेख करते हुए इसे महिलाओं के नेतृत्व वाले विकास को आगे बढ़ाने के लिए एक निर्णायक क्षण बताया। इस संबंध में उन्होंने उल्लेख किया कि कई रेलवे स्टेशनों को महिला अधिकारियों द्वारा चलाया जा रहा है।प्रधानमंत्री ने कहा कि आत्मविश्वास से भरा भारत अपने वर्तमान और भविष्य की जरूरतों पर एक साथ काम कर रहा है। उन्होंने बुनियादी ढांचे के विकास में निर्बाध समन्वय के लिए पीएम गतिशक्ति मास्टरप्लान और परिवहन और निर्यात से संबंधित शुल्कों में कमी के लिए नई लॉजिस्टिक पॉलिसी को सूचीबद्ध किया। उन्होंने मल्टीमॉडल कनेक्टिविटी के बारे में भी बात की क्योंकि परिवहन के एक साधन को अन्य साधनों का समर्थन करने की आवश्यकता होती है। उन्होंने कहा कि यह सब आम नागरिकों के लिए यात्रा की सुगमता में सुधार के लिए है।आम नागरिकों के जीवन में रेलवे के महत्व पर जोर देते हुए प्रधानमंत्री ने पहले के समय में इस महत्वपूर्ण क्षेत्र की उपेक्षा पर खेद व्यक्त किया। भारतीय रेल के कायापलट के लिए मौजूदा सरकार के प्रयासों का उल्लेख करते हुए उन्होंने बजट में वृद्धि की जानकारी दी। रेलवे के लिए इस वर्ष का बजट 2014 के रेल बजट से आठ गुना अधिक है। इसी तरह दोहरीकरण, विद्युतीकरण और नए मार्गों पर काम चल रहा है।

### यात्रियों का समय बचाएंगी वंदे भारत ट्रेनें

जिन राज्यों के लिए वंदे भारत ट्रेनों का शुभारंभ हुआ वहां भी इस अवसर पर समारोहों का आयोजन किया किया। वंदे भारत ट्रेनें अपने संचालन के मार्गों में सबसे तेज़ होंगी और यात्रियों के काफी समय बचाने में मदद करेंगी। मार्ग की सबसे तेज़ ट्रेन की तुलना में राउरकेला.भुवनेश्वर.पुरी वंदे भारत एक्सप्रेस और कासरगोड.त्रुवनंतपुरम वंदे भारत एक्सप्रेस लगभग तीन घंटे तेज़ होंगी। इससे हैदराबाद.बैंगलोर वंदे भारत एक्सप्रेस का निर्धारित समय 2.5 घंटे से अधिक का बदलाव होगा। वहीं तिरुनेलवेली.मदुरै.चेन्नई वंदे भारत एक्सप्रेस दो घंटे से अधिक समय तक, रांची-हावड़ा वंदे भारत एक्सप्रेस, पटना-हावड़ा वंदे भारत एक्सप्रेस और जामनगर-अहमदाबाद वंदे भारत एक्सप्रेस लगभग एक घंटे तक और उदयपुर-जयपुर वंदे भारत एक्सप्रेस लगभग आधे घंटे की देरी से रवाना होगी।

## खड़गे एवं राहुल ने राजस्थान कांग्रेस के नए भवन का किया शिलान्यास

जयपुर। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे एवं कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शनिवार को जयपुर में राजस्थान कांग्रेस के नए भवन का शिलान्यास किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, महासचिव केसी वेणुगोपाल, कांग्रेस के राजस्थान प्रभारी सुखजिन्द्र सिंह रंधावा, विधानसभा अध्यक्ष डॉ सीपी जोशी, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा, पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट सहित कई नेता मौजूद थे। इसके बाद इस अवसर पर आयोजित समारोह में खड़गे एवं राहुल गांधी का पगड़ी पहनाकर स्वागत किया गया। इससे पहले राहुल गांधी



महारानी कॉलेज पहुंचे जहां उन्होंने छात्राओं से बातचीत की और इसके बाद छात्राओं के साथ स्कूटी पर सफर किया।राहुल गांधी के सुबह जयपुर पहुंचने पर हवाई अड्डे पर गहलोत ने उनका स्वागत किया। इस अवसर पर डोटासरा एवं रंधावा भी मौजूद थे। इसके बाद खड़गे के जयपुर पहुंचने पर गहलोत एवं कांग्रेस के अन्य नेताओं ने उनका भी जोरदार स्वागत किया।राजस्थान कांग्रेस के मुख्यालय का नया भवन मानसरोवर में बनेगा जहां इसके लिए करीब छह हजार वर्ग गज भूमि आवंटित की की गई है और इसकी करीब 80 करोड़ रुपए की लागत आएगी।

# इंडियन ओवरसीज बैंक के सभी पैंतरे फेल, अवैध वसूली मामले में UIDAI करेगा कार्रवाई

सन्तोष खाचरियावास

अजमेर। भारत सरकार ने बच्चों के आधार कार्ड में बायोमेट्रिक अपडेशन की सुविधा निःशुल्क दे रखी है लेकिन कई जगह आमजन से इसकी एवज में अवैध वसूली हो रही है। पूर्व में कुकरमुत्तों की



## इंडियन ओवरसीज बैंक के आधार अपडेशन केन्द्र में अवैध वसूली उजागर

◆ बच्चों के फ्री बायोमेट्रिक अपडेशन के लिए वसूल रहे 100-100 रुपए
◆ राष्ट्रपति को भेजी शिकायत, बैंक प्रबंधन में मचा हड़कम्प

सन्तोष खाचरियावास

अजमेर। मदनगोपाल रोड केसरगंज स्थित इंडियन ओवरसीज बैंक में आधार अपडेशन कराने आने वाले आमजन से अवैध वसूली का मामला सामने आया है। यहां आधार अपडेशन केन्द्र का ऑपरेटर बच्चों के फ्री बायोमेट्रिक अपडेशन की एवज में 100-100 रुपए वसूल रहा है। मामला राष्ट्रपति सचिवालय यूआईडीए आई और इंडियन ओवरसीज बैंक के सीईओ तक पहुंच चुका है। यूआईडीएआई ने जांच शुरू कर दी है।

### यह मिली शिकायत

गत दिनों रामगंज निवासी सन्तोष कुमार नामक शख्स ने यूआईडीएआई को शिकायत भेजी। उसमें बताया कि उन्हें उनकी दो बच्चियों के फ्री बायोमेट्रिक अपडेशन के लिए यूआईडीएआई से एसएमएस मिले। 24 फरवरी 23 को इंडियन ओवरसीज बैंककेसरगंज अजमेर ,राजस्थान शाखा में दोनों बच्चियों का बायोमेट्रिक अपडेशन कराया जहां ऑपरेटर ने दोनों आधार के 200 रुपए शुल्क ले लिया। उसका कहना था कि यह फीस तो देनी होगी। परिवादी ने 200 रुपए का भुगतान किया और बदले में रसीद मांगी तो ऑपरेशन ने रसीद देने से इनकार कर दिया। इस पर परिवादी ने माननीय राष्ट्रपति के यहां शिकायत दर्ज कराई।

### मची खलबली घर तक दौड़ा आया ऑपरेटर

शिकायतकर्ता सन्तोष कुमार ने बताया कि 29 मई को 8955622792 नम्बर से ऑपरेटर का फोन आया। उसने गलती से रुपए लेना स्वीकार करते हुए 200 रुपए लौटाने और मुझसे शिकायत वापस लेने का दबाव बनाया। उसने मुझे व्हाट्सएप मैसेज किए जिनमें उसने अवैध रूप से 200 रुपए लेना स्वीकार किया। साथ ही अपने कम्प्यूटर डाटा का स्क्रीन शॉट भी भेजा। यह गोपनीय डाटा यूं लीक करना गम्भीर अपराध है। यह स्क्रीन शॉट भेजकर उसका कहना था कि आपसे लिस्ट में आपसे ऊपर वालों से पैसे लेने थे जो गलती से आप से ले लिए। इसके बाद वह मेरे घर रामगंज तक आ गया। यहां मैंने शिकायत वापस लेने से इनकार किया तो वह हाथ जोड़ने लगा। कहने लगाए मुझे मेरे अफसरों ने सभी से पैसे लेने के लिए कह रखा है। मुझे तो केवल कमीशन मिलता हैए वह भी पिछले लंबे समय से नहीं मिला है। हमारी मैडम भी मेरा फोन नहीं उठाती है। मै सुरसुरा से बाइक से अपडाउन करता हूं। ऑपरेटर ने मुझे 1000 रुपए रिश्वत लेकर शिकायत वापस लेने का प्रलोभन भी दिया। बार-बार यही कहता रहा कि मुझे तो ऊपर वाले ही लोगों से पैसा लेने की कहते हैं। खुद मेरा कमीशन भी नहीं दे रहे हैं। इससे लगता है कि आमजन से अवैध वसूली करने वाला पूरा रैकेट सक्रिय है।

ऑपरेटर के वाट्सअप मैसेज का स्क्रीन शॉट।

### आईओबी के सीईओ को भेजी शिकायत

शिकायतकर्ता सन्तोष कुमार ने इंडियन ओवरसीज बैंक के सीईओ को भी शिकायत भेजी है। उनका कहना है कि अगर बैंक परिसर में अवैध वसूली हो रही है तो स्थानीय प्रबंधन भी पूरी तरह से जिम्मेदार है। खास बात यह है कि बैंक प्रबंधन भी इस मामले को ऊपर की ऊपर निपटाने के लिए हाथ-पैर मार रहा है। बैंक प्रबंधन अपने कई परिचितों से शिकायतकर्ता पर दबाव बनाने के लिए लगातार फोन करा रहा है। मगर शिकायतकर्ता तस से मस नहीं हो रहा है। वह अपनी शिकायत वापस लेने को हर्गिज तैयार नहीं है। उनका कहना है कि केन्द्र सरकार की फ्री सुविधा का भी ये शातिर लोग पैसा चार्ज करते हैं, गरीब जनता के खून पसीने की कमाई छीनते है ऐसे लोगों के खिलाफ विधि सम्मत कार्रवाई होनी चाहिए। आधार केन्द्र का संचालन करने वाली फर्म पर पेनल्टी लगनी चाहिए और उसका लाइसेंस सस्पेंड होना चाहिए। तभी आमजनता के साथ न्याय होगा।

तरह ई मित्रों पर स्थापित आधार केन्द्रों पर गम्भीर अनियमिताओं की शिकायतों के कारण यूआईडीएआई ने उनकी आईडी बंद कर बैंक और पोस्ट ऑफिसों पर भरोसा जताया था। चुनिंदा बैंकों.पोस्ट ऑफिसों में इस विश्वास के साथ आधार केन्द्र खोले कि कम से कम इनके परिसर में तो गड़बड़ नहीं होगी मगर यहां भी कुछ ऑपरेटर लोगों की जेब ढीली करने से बाज नहीं आ रहे हैं।केसरगंज स्थित इंडियन ओवरसीज बैंक शाखा में बच्चों के आधार अपडेशन में अवैध वसूली मामले में आखिरकार बैंक प्रबंधन को यूआईडीएआई को पत्र लिखना पड़ा है। इससे पहले बैंक प्रबंधन आधार ऑपरेटर का लगातार बचाव करता रहा।

जांच में अवैध वसूली की पुष्टि होने पर आखिरकार बैंक प्रबंधन ने यूआईडीएआई को पत्र लिखा हैए लेकिन उसमें भी ऑपरेटर द्वारा गलती सेश् ओवर चार्जिंग करने की बात लिखी है। अलबत्ता यूआईडीएआई ने शिकायत कर्ता को ऑपरेटर के खिलाफउचित कार्रवाई करने का भरोसा दिलाया है। सबगुरु न्यूज ने अपने प्रवेशांक में इस प्रकरण का प्रमुखता से खुलासा किया था।

### यह है मामला

रामगंज निवासी सन्तोष कुमार ने आईओबी शाखा में 24 फरवरी को अपनी दोनों बच्चियों का बायोमेट्रिक अपडेशन करायाए जहां ऑपरेटर ने 200 रुपए ले लिए। टोकने पर उसने कहा कि यह सुविधा निःशुल्क नहीं है फीस तो देनी होगी। इस पर अभिभावक ने राष्ट्रपति के यहां शिकायत दर्ज कराई। वहां से सम्पर्क पोर्टल पर भेजी गई।29 मई को आधार ऑपरेटर सुरेश गुर्जर ने शिकायतकर्ता को फेन कर गलती से रुपए लेने की कहते हुए 200 रुपए लौटाने और शिकायत वापस लेने की बात लिखकर देने को कहा। यही बात उसने उसने व्हाट्सएप मैसेज पर भी लिखकर भेजी। परिवादी के मना करने पर उसने बदले में एक हजार रुपए लेकर शिकायत वापस लेने का आग्रह किया लेकिन शिकायत कर्ता मामले की पूरी जांच कराने के लिए अड़ा रहा। इस पर ऑपरेटर ने व्हाट्सएप मैसेज डिलीट कर दिए लेकिन तब तक परिवादी व्हाट्सएप चैट के स्क्रीन शॉट ले चुका था।

### पत्र में फिर ऑपरेटर के बचाव का प्रयास

बैंक प्रबंधन ने यूआईडीएआई को पत्र लिखा है कि ऑपरेटर ने ओवर चार्जिंग की है लेकिन उसने गलती से राशि लेने की बात कही है। यानी बैंक प्रबंधन ने एक बार फिर ऑपरेटर का बचाव करने का प्रयास किया है। बैंक प्रबंधन ने शिकायतकर्ता को इस पत्र की प्रति देने से भी इंकार कर दिया है।

### ऑपरेटर ने कही बैंक प्रबंधन ने मानी

ऑपरेटर सुरेश ने बैंक प्रबंधन को अपने जवाब में लिखा कि उसने गलती से 200 रुपए ले लिए थे जो उसी दिन बैंक में जमा करा दिए। शिकायत कर्ता 200 रुपए वापस नहीं ले रहा है बल्कि दस हजार रुपए की मांग करते हुए धमका रहा हैए इसलिए शिकायत बंद की जाए। हैरानी की बात है कि बैंक प्रबंधन ने बिना पड़ताल किए ही ऑपरेटर की बात मान ली और सम्पर्क पोर्टल पर शिकायत रद्द करा दी।

### लीड बैंक की जांच में हुआ खुलासा

परिवादी ने पुनः शिकायत दर्ज कराते हुए लीड बैंक से जांच कराने का आग्रह किया। इस पर दुबारा जांच खुली और 3 अगस्त को लीड बैंक के प्रतिनिधि आईओबी शाखा में पहुंचे। वहां शिकायत कर्ता को भी बुलवा लिया। लीड बैंक प्रतिनिधि ने जांच में पाया कि ऑपरेटर ने अवैध रूप से राशि ली थी। उसका यह जवाब गलत है कि उसने मानवीय भूलवश राशि ले ली थी और उसी दिन बैंक शाखा में जमा करा दी थी। जबकि उसने राशि जमा नहीं कराई थी और न ही बैंक प्रबंधक को इस बारे में कुछ बताया था। ऑपरेटर ने भी उनके सामने कबूला कि उसने शिकायत कर्ता पर 10 हजार रुपए मांगने का झूठा आरोप लगाया था। आईओबी शाखा प्रबंधक सुरेश गहलोत ने भी खेद जताया कि उन्होंने ऑपरेटर के जवाब की पड़ताल किए बिना ही उसे सच मानकर शिकायत बंद करा दी थी। उन्होंने ऑपरेटर के खिलाफ अग्रिम कार्रवाई के लिए यूआईडीएआई को पत्र लिखने का भरोसा दिलाया।

### इनका कहना है

*बैंक में आधार सम्बंधित काम के लिए आने वाले लोगों से हम रेंडमली जानकारी लेते रहते हैं कि कहीं उनसे ओवर चार्जिंग तो नहीं की जा रही है। इस प्रकरण में ऑपरेटर ने अवैध वसूली की है। इस बारे में यूआईडीएआई को पत्र लिखा है।*

-सुरेश गहलोत शाखा प्रबंधक, इंडियन ओवरसीज बैंक

*मेरा मकसद सिर्फ अपने पैसे वापस पाना नहीं बल्कि आम आदमी से हो रही अवैध वसूली का भंडाफोड़ करना है। मैंने बैंक परिसर में हो रहे गलत काम को उजागर किया। इसके लिए मुझे बैंक प्रबंधन द्वारा सराहना चाहिए थाए इसके उलट मुझ पर ही इल्जाम लगाया गया।*

-सन्तोष कुमार, परिवादी अभिभावक

# बिन मांगे मोती मिले मांगे मिले न भीख

## मनोनीत पार्षद सुनिता चौहान का लोगों ने जताया आभार

अजमेर। बिन मांगे मोती मिले, मांगे मिले न भीख। यह उक्ति अजमेर के वार्ड 39 के नया शिवाजी नगर के बाशिंदों पर उस समय चरितार्थ हुई जब रविवार को क्षेत्र में सीवर लाइन डलने तथा सडक बनने की मंजूरी का संदेश उन तक पहुंचा। यह संभव हुआ मनोनीत पार्षद सुनिता चौहान के प्रयासों से। उन्होंने आनन फानन भूमि पूजन कर सीवर लाइन का काम मौके पर शुरू करवा दिया। बरसों से कच्ची सडक, बरसाती पानी के कीचड से होकर गुजरने को मजबूर लोग को मूलभूत सुविधाओं के लिए जनप्रतिनिधियोंए प्रशासन और भी ना जाने कितने विभागों के चक्कर काट चुके थे। मनोनीत पार्षद के हाथों काम शुरू होने पर लोगों ने उनकी खुब आवभगत की।इस अवसर पर आयोजित एक सादे समारोह में पार्षद सुनिता चौहान ने कहा कि मेरी व्यक्तिगत इच्छा और प्रयास रहता है कि विकास कार्यों की प्राथमिकता में ऐसे क्षेत्र का चुनाव होना चाहिए जहां पूर्व में कोई भी काम ना हुआ हो। ऐसे क्षेत्रों की तलाश करना कठिन जरूरत होता है लेकिन सुखद परिणाम देने वाला साबित होता है। यही वजह रही कि नया शिवाजी नगर अब सीवरेज लाइन और सडक जैसी सुविधा से महरूम नहीं रहेगा।

सीवरेज लाइन का काम पूरा होते ही सड़क निर्माण शुरू हो जाएगा। इसके लिए नगर निगम से 11 लाख रुपए की स्वीकृति मिली है। भविष्य में भी आमजन के प्रति जनसेवक के रूप में सेवा



देने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ूंगी।शिवाजी नगर विकास समिति के अध्यक्ष किशन साहू ने क्षेत्रवासियों की ओर से पार्षद चौहान का आभार जताते हुए कहा कि मनोनीत पार्षद महोदया ने व्यक्तिगत प्रयास कर विकास की गंगा को हमारे गली तक पहुंचाया है। समिति सदस्यों ने पार्षद व आगंतुक अतिथियों का माला पहनाकर तथा साफा बांधकर स्वागत किया।

इस मौके पर नारी निकेतन की अध्यक्ष रागिनी चतुर्वेदी, कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता प्रियदर्शी भटनागर, ललित कला अकादमी की सदस्य ममता चौहान, कांग्रेस नेता कैलाश कोम, अंकुर त्यागी, राजकुमार बाकोलिया मानमल प्रजापति समेत गणमान्यजन उपस्थित रहे।

# गदर 2 अभिनेता लव सिन्हा का कला कार्यक्रम 'वरुणा' सफल

मुंबई। गदर 2 अभिनेता लव सिन्हा का घ्हाउस ऑफक्रिएटिविटी कला और कलाकारों को बढ़ावा देने के लिए एक मंच के रूप में कार्य करता है। कला के प्रति अपने प्रेम की वजस से उन्होंने कोविड-19 लॉकडाउन से ठीक पहले अपने माता-पिता की सालगिरह पर श्हाउस ऑफ क्रिएटिविटी् की शुरुआत की।



HOC ने हाल ही में कला के कार्यक्रम ''वरुणा'' का आयोजन किया था जो काफी सफल रहा। बरसात की थीम पर आधारित कला और जवेलेरी डिजाइन पेश करने वाला यह कार्यक्रम 15 से 17 सितंबर तक राज घराना जेम्स एंड 'वेल्स में चला। इस कार्यक्रम में लव सिन्हा, शत्रुघ्न सिन्हा, कुश सिन्हा, पूनम सिन्हा गदर 2 फेम उत्कर्ष शर्मा और नेहा कांडधारी जैसे कलाकार शामिल हुए क्योंकि बारिश को वरुण देव से जोड़ा गया है और इस कार्यक्रम की थीम भी बारिश पर आधारित है इसलिए इस आयोजन का नाम 'वरुणा'रखा गया था। इस थीम को रखने का एक और कारण यह भी है की कलाकार को हमेशा बारिश के रूप ने ऊर्जा और प्रेरणा दी है और बारिश हमें अपनी विरासत की और उसके संरक्षण याद दिलता है।लव सिन्हा के हाउस ऑफ क्रिएटिविटी आज के दौर के भारतीय कलाकारों जैसे की नेहा कंधारी, सारिका मेहता, केदार डीके, कबीर हिरानी, गौतम बंसल और शलाका पाटिल की कला को लोगों के सामने प्रस्तुत किया है।

# Dominating the ICC Rankings: India's Unprecedented Cricket Feat

In the world of cricket, where nations vie for supremacy on the pitch, India has etched its name in history once again. With an awe-inspiring display of skill, teamwork, and unwavering dedication, India has ascended to the pinnacle of cricket excellence - claiming the coveted ICC No.1 ranking in all three formats of the game. This remarkable achievement has positioned India as only the second team, after South Africa, to accomplish this monumental feat.In the realm of Test cricket, where the true test of endurance and skill unfolds, India's ascent to the No.1 spot has been nothing short of spectacular. The team's consistent performances, both at home and on foreign soil, have pro-




pelled them to the zenith of the Test rankings.

India's dominance in Test cricket can be attributed to a blend of exceptional batting prowess, formidable bowling attacks, and astute captaincy. The likes of Virat Kohli, Cheteshwar Pujara, and Ajinkya Rahane have shouldered the responsibility of scoring crucial runs, while the bowlers, led by Jasprit Bumrah and Ravichandran Ashwin, have delivered match-winning spells that have left opponents in awe.One Day Internationals (ODIs) have long been India's forte, and the team's recent surge to the No.1 ranking reflects their prowess in the limited-overs format. India's ODI squad boasts a harmonious blend of youthful exuberance and seasoned campaigners, making it a formidable force on the world stage.With Rohit Sharma's explosive batting at the top of the order, Virat Kohli's consistency, and the finishing prowess of Hardik Pandya, India's batting lineup is a force to be reckoned with. In the bowling department, the likes of Mohammed Shami and Yuzvendra Chahal have consistently delivered match-winning performances, ensuring India's dominance in ODIs.

T20 cricket, with its fast-paced and thrilling nature, demands innovation and adaptability. India's ascent to the No.1 T20 ranking underscores the team's versatility and ability to excel in the shortest format of the game.

In the world of T20s, India has relied on the amazing batsmen like Suryakumar Yadav and all rounders like Jadeja and Pandya, while the wrist-spinning brilliance of Kuldeep Yadav and the precision of Siraj have stifled opposition batsmen. This well-rounded approach has allowed India to conquer T20 cricket.

# नवरात्रि क्यों मनाई जाती है धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व

विजय कुलश्रेष्ठ

नवरात्रि भारतीय सभ्यता में एक महत्वपूर्ण और धार्मिक उत्सव है जिसे हर साल धूमधाम से मनाया जाता है। यह हिंदू धर्म का महत्वपूर्ण हिस्सा है और यह 9 दिनों तक चलने वाला एक विशेष त्योहार है। इस लेख में हम देखेंगे कि नवरात्रि क्यों मनाई जाती है और इसका क्या महत्व है।

नवरात्रि का मतलबः-नवरात्रि का शाब्दिक अर्थ होता है नौ राते। यह उत्सव नौ दिनों तक चलता है और हर दिन एक नई देवी की पूजा की जाती है। यह उत्सव चैत्र और आश्विन मास के बीच मनाया जाता है लेकिन आधिकारिक रूप से दो बार होता है . चैत्र नवरात्रि और शरद नवरात्रि।

चैत्र नवरात्रिः-चैत्र नवरात्रि मार्च.अप्रैल के बीच मनाई जाती है और इसमें मां दुर्गा की पूजा की जाती है। इस अवसर पर भक्त देवी दुर्गा की नौ रूपों की पूजा करते हैं और उनके दिव्य शक्तियों की आराधना करते हैं। यह उत्सव बंदर और मद्रास क्षेत्र में खास रूप से प्रमुख है और इसे गुजरात और बंगाल में भी धूमधाम से मनाया जाता है।

शरद नवरात्रिः-शरद नवरात्रि सितंबर.अक्टूबर के महीने में मनाई जाती है और इसके दौरान मां दुर्गा की पूजा की जाती है। यह उत्सव भारत भर में बड़े धूमधाम से मनाया जाता है और विशेषकर पश्चिमी भारत में गुजरात, महाराष्ट्र,




पंजाबऔर बंगाल में इसका आयोजन किया जाता है।

## नवरात्रि का महत्व

नवरात्रि का महत्व धार्मिक सांस्कृतिकए और सामाजिक है। इसके कुछ मुख्य कारण निम्नलिखित हैंरू

धार्मिक महत्वः-नवरात्रि का प्रमुख धार्मिक महत्व है। इसके दौरान भक्त नौ देवियों की पूजा करते हैंए जिन्हें मां दुर्गा के रूप में जाना जाता है। यह पूजा उनकी शक्तियों की आराधना के रूप में होती है और लोग मां दुर्गा की कृपा और आशीर्वाद के लिए प्रार्थना करते हैं।

सांस्कृतिक महत्वः-नवरात्रि भारतीय सांस्कृतिक धरोहर का महत्वपूर्ण हिस्सा है। इसके दौरान लोग विभिन्न रंगीन और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन करते हैंए जैसे कि रास लीला, गरबा, और दंडिया रास। इन कार्यक्रमों के माध्यम से लोग अपनी सांस्कृतिक पहचान को बढ़ावा देते हैं।

सामाजिक महत्वः-नवरात्रि एक समाजिक उत्सव भी है जो लोगों को एक साथ आने का अवसर देता है। यह दोस्तों और परिवार के साथ समय बिताने का भी अच्छा मौका प्रदान करता है।

नवरात्रि के दौरान कार्यक्रमः-नवरात्रि के दौरानए लोग विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम आयोजित करते हैंए जिनमें शीर्षक निम्नलिखित हैं।

देवी पूजाः-नवरात्रि के दौरान लोग दिन में देवी की पूजा करते हैं। हर दिन एक नई देवी की पूजा होती है और उन्हें समर्पित किया जाता है। देवी के चालीस चलने के दिन तक यह पूजा जारी रहती है।

रात्रि के उत्सवः-रात्रि को लोग विभिन्न रंगीन और मनोरंजन कार्यक्रमों का आयोजन करते हैं। यहां तीन प्रमुख आयोजन हैं.गरबा, दंडिया रास, और रास लीला। ये कार्यक्रम लोगों के बीच एकता और खुशियों की भावना को बढ़ावा देते हैं।

नवरात्रि के व्रतः-कुछ लोग नवरात्रि के दौरान व्रत रखते हैं। इसका मतलब होता है कि वे नौ दिनों तक केवल व्रतियों के लिए बनाया गया खाना खाते हैं और अन्य अनाज और मांगलिक भोजन से दूर रहते हैं।

नवरात्रि के माध्यम से सिक्के का महत्वः-नवरात्रि का अन्य एक महत्वपूर्ण पहलू है आर्थिक दृष्टि से। इस दौरान विभिन्न प्रकार की चीजों की खरीदारी की जाती है और व्यापारिक गतिविधियां बढ़ती हैं। विशेष रूप से ज्यों कि दुकानदारों को बड़ी गर्मियों में अच्छी बिक्री होती है।

नवरात्रि का धार्मिक महत्वः-नवरात्रि का धार्मिक महत्व भारतीय धर्म में बहुत अधिक है। इसके दौरान भक्त देवी दुर्गा की पूजा करते हैं और उनके द्वारका में आगमन के रूप में इसे मानते हैं। यह पूजा उनके शक्तियों और दयालुता की महत्वपूर्ण दिन मानी जाती है।

नवरात्रि का सांस्कृतिक महत्वः-नवरात्रि का सांस्कृतिक महत्व भारतीय संस्कृति के लिए भी बहुत बड़ा है। इसके दौरान लोग अपने पारंपरिक गीत, नृत्य, और कला का आनंद लेते हैं। गरबा, दंडिया रासए और रास लीला जैसे पारंपरिक नृत्य लोगों के द्वारका में एकत्र होने का मौका प्रदान करते हैं। इसके अलावा नवरात्रि के दौरान विभिन्न प्रकार के कला प्रदर्शन और मुख्य रूप से महिलाओं के आर्ट और क्राफ्ट दिखाए जाते हैं। इससे सांस्कृतिक धरोहर को बढ़ावा मिलता है और लोग अपनी संस्कृति को महसूस करते हैं।

नवरात्रि का सामाजिक महत्वः-नवरात्रि भारतीय समाज में सामाजिक एकता और सामूहिक भावना को बढ़ावा देता है। यह एक ऐसा समय होता है जब लोग अपने दोस्तों और परिवार के सदस्यों के साथ समय बिताते हैं और एक.दूसरे के साथ खुशियों का मन करते हैं। इसके अलावाए नवरात्रि के दौरान लोग अपनी सजीव और साजीव योजनाएँ बनाते हैं और अपने व्यापार को बढ़ावा देते हैं।

समापनः-नवरात्रि भारतीय समाज के लिए एक महत्वपूर्ण और धार्मिक उत्सव है जिसका अद्वितीय महत्व है। इसके दौरान लोग देवी दुर्गा की पूजा करते हैं, सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन करते हैं और सामाजिक एकता को बढ़ावा देते हैं। इस उत्सव के माध्यम से लोग अपने धर्म, संस्कृति और समाज के साथ जुड़े रहते हैं और अपने जीवन में नया उत्साह और प्रेरणा प्राप्त करते हैं।

## धोलादांता और न्यारा के चामुण्डा माता मेले में उमड़े श्रद्धालु निकाली बिंदोलियां



बाघसूरी। नसीराबाद के समीपवर्ती न्यारा के गांव धोलादांता न्यारा स्थित चामुण्डा माता का मेला शनिवार को पारंपरिक रूप से बड़ी धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ।चामुण्डा माता मंदिर पर सुबह से देर रात तक ग्राम धोलादांता न्यारा सहित आसपास के गांवों से श्रद्धालु डीजे की धुन पर नाचते गाते झंडों की बिंदोली के साथ मंदिर पंहुचे। देखते ही देखते मंदिर पर झंडे चढाने की होड़ मच गई।मेला संयोजक मुन्ना लाल शर्मा व नरसिंह रावत ने बताया कि चामुण्डा माता मंदिर पर सुबह से ही श्रद्धालुओं का तांता लगना शुरू हो गया। श्रद्धालुओं ने चामुण्डा माता के दर्शन कर खुशहाली की कामना की। मेले के मुख्य अतिथि विधायक रामस्वरूप लांबाए पुष्कर कपालेश्वर मंदिर मंहत सेवानंद गिरी, पींसागन सरपंच संघ अध्यक्ष शक्ति सिंह रावत, पंस सदस्य किशन गुर्जर, न्यारा सरपंच मुकेश कुमार गुर्जर, विश्व देव कुमावत, गोरधनलाल गुर्जर सांवरलाल गुर्जर, शक्ति सिंह गौड़ आदि ने मंदिर पर ध्वजारोहण कर मेले का शुभारंभ किया।मुख्य अतिथि विधायक लांबा ने कहा कि मेले हमारी भारतीय संस्कृति के प्रतीक हैं। मेले में आए श्रद्धालुओं सहित जनप्रतिनिधियों ने चामुण्डा माता के दर्शन कर नारियल, खीर, चूरमा, बाटी आदि का भोग लगाया। मेले में ढोल ढमाकों के साथ दर्जनों गांवों से आए श्रद्धालुओं ने मत्था टेककर खुशहाली की कामना की। महिलाओं ने लगे झूलेए चक्करियांए व्यंजन व खाद्य पदार्थों का आनंद लिया। मणिहारी सामान व घरेलू सामान की जमकर खरीदारी की।मेले का मुख्य आकर्षण कबड्डी प्रतियोगिता रही जिसमें जिले की कई दिग्गज टीमों ने हिस्सा लिया। मेले में चंद्र वीर सिंहए नरसिंह रावत, भानू सिंह, कालू सिंहए अर्जुन सिंहए नरेंद्र सिंह रावत, मनदीप सिंह बुमराह आदि ने व्यवस्था संभाली। मेला कमेटी की ओर से श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया।इससे पहले मेले की पूर्व संध्या पर शुक्रवार रात को भजन संध्या का आयोजन किया गया। भजन गायकों ने चामुण्डा माता की भक्ति भावना के ओतप्रोत भजनों की प्रस्तुतियां देकर श्रद्धालुओं को भावविभोर कर झूमने पर मजबूर कर दिया।

## बनेवड़ा गांव में भगवान देवनारायण के मेले में झंडे चढाने की होड़



बाघसूरी। बाघसूरी के समीपवर्ती गांव बनेवड़ा के देवजी की वनी स्थित भगवान देवनारायण के मंदिर पर शुक्रवार को भादवे की देवसप्तमी पर लोकदेवता भगवान देवनारायण का मेला पारंपरिक रूप से धूमधाम के साथ संपन्न हुआ। बाबा रामदेव के मेले में लोक संस्कृति झलक उठी।मंदिर में सुबह से देर रात तक ग्राम बनेवड़ा सहित आसपास क्षेत्र के लीडी, नासून, बाघसूरी,अजबा का बाडियांए पंचमता, नाहरपुरा,बिठूर आदि गांवों से श्रद्धालू डीजे की धून पर नाचते गाते झंडों की बिंदोली निकालते हुए मंदिर पंहुचे। मंदिर पर झंडे चढाने की परंपरा निभाई गई।मेला संयोजक कालूराम मावता व चंद्रा राम गुर्जर ने बताया कि भगवान देवनारायण के मंदिर पर सुबह से ही श्रद्धालुओं का तांता लगना शुरू हो गया। श्रद्धालुओं ने भगवान देवनारायण के दर्शन कर खुशहाली की पांति मांगी।मेले के मुख्य अतिथि पूर्व विधायक महेन्द्र सिंह गुर्जर, रामनारायण गुर्जर, सरपंच रेशमी देवी काठात, उप सरपंच मगनी राम गुर्जर, मेला कमेटी के चंद्रा राम गुर्जरए कालूराम मावता, पंस सदस्य भूली गुर्जरए हरचंद खटाणा, गोरधनलाल गुर्जर, पुजारी देवकरण बारवाल ने मंदिर पर ध्वजारोहण कर मेले की रस्म अदा की।मुख्य अतिथि गुर्जर ने कहा कि मेले हमारी भारतीय संस्कृति के प्रतीक हैए मेलों में हमारी संस्कृति झलकती है। मेले में आए श्रद्धालुओं सहित जनप्रतिनिधियों ने भगवान देवनारायण के दर्शन कर नारियल, खीर, चूरमा आदि का भोग लगाकर खुशहाली की मन्नत मांगी।मेले के दौरान महिलाओं व बच्चों ने झूलों, चक्करी का आनंद लिया। व्यंजन व खाद्य पदार्थों की स्टालों पर चटखारे लिए। मणिहारी सामान व घरेलू सामान की खूब ब्रिकी हुई। मेले के दौरान आयोजित कबड्डी प्रतियोगिता में जिले की कई दिग्गज टीमों ने हिस्सा लिया।मेला कमेटी के हाथी राम गुर्जर, सकराम गुर्जर, नरेंद्र सिंह राठोडए सांवरिया लाल गुर्जर,सुखदेव, महेंद, प्रहलाद, रामलाल गुर्जर आदि ने मेले की व्यवस्था संभाली तथा श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया।मेले की पूर्व संध्या पर गुरूवार रात को भजन कीर्तन व भजन संध्या का आयोजन भी किया गया।

## मुग्धा और राहुल की धार्मिक पुस्तिका और ऑडियो कृष्ण वंदना रिलीज

मुंबई। मुग्धा गोडसे और राहुल देव बॉलीवुड के सबसे प्यारे कपल में से एक हैं। जिस तरह से इस कपल ने अपने कामकाजए निजी जीवन और आध्यात्मिकता के बीच संतुलन बनाए रखा है यह वास्तव में तारीफ के काबिल है। इस कपल की यह बात लोगों का दिल जीत रही है।अब एक बार फिर यह कपल चर्चा में है



क्योंकि मुग्धा गोडसे और राहुल देव कृष्ण वंदना नामक एक विशेष पुस्तक और ऑडियो लेकर आए हैं। इस की शुरूआत उन्होंने उनके आध्यात्मिक गुरु तरनीव जी के साथ की है। कृष्ण वंदना पुस्तक में भगवान कृष्ण के 108 नाम और गुण है और इस के ऑडियो में 15 मिनिट लंबा गाना है जिसे मुग्धा गोडसे ने खुद गाया है। राहुल ने इस किताब में उनकी खूबसूरत यात्रा को लिखने में उनकी मदद की है। इस पुस्तक में यह सारी जानकारी है की कैसे उन्होंने अपने गुरु के आशीर्वाद से इस ऑडियो के बोल और धुन तैयार की और धुन से लेकर गाने तक सब कुछ कैसे मुमकिन हुआ। मुग्धा और राहुल बहुत उत्साहित हैं और वह इसे सब के सामने लाना चाहते हैं।

## जुआं खेलते 14 गिरफ्तार, एक लाख 35 हजार बरामद

अजमेर। संभाग के केकड़ी जिला पुलिस की डीएसटी दल ने पुलिस के सहयोग से आज जुआं खेलते हुए 14 आरोपियों को गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार सरवाड़ के माली मौहल्ला में दबिश देकर 14 आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके पास से 16 छक्का दाना तथा 135000 की नकदी भी जब्त की है।



## मोबाइल चोरी करने वाले 4 आरोपी अरेस्टए 25 मोबाइल बरामद

अजमेर। राजस्थान में अजमेर की दरगाह थाना क्षेत्र में पुलिस ने ख्वाजा साहब महाना छठी पर मोबाइल चोरी करने वाले गिरोह के चार लोगों को गिरफ्तार कर 25 कीमती मोबाइल बरामद किए हैं।दरगाह थाना प्रभारी जगदीश मीणा ने बताया कि 22 सितंबर को अजमेर दरगाह शरीफ में महाना छठी में भाग लेने आए जायरीनों की जेबतराशी में मोबाईल की चोरी की शिकायत मिलने पर सक्रिय हुई पुलिस ने यह कार्यवाही की है।गिरफ्तार आरोपी की पहचान शेख अनीस 24. भूसावल, शेख बसीउद्दीन 26. सिरपुर शेख उमर 22 नासिक तीनों महाराष्ट्र के तथा शेख रईस 35. निवासी अहमदाबाद के रूप में हुई है। पुलिस आरोपियों से पूछताछ में जुटी है।

## एडीए ने पत्रकारों को भूखण्ड के लिए मांगे आवेदन

अजमेर। अजमेर विकास प्राधिकरण की कोटड़ा आवासीय योजना में पात्रता रखने वाले पत्रकारों को रियायती दर पर विशेष योजना के तहत लॉटरी ड्रॉ द्वारा भूखण्ड आवंटन के लिए पात्र आवेदकों से आवेदन पत्र आंमत्रित किए गए हैं। अजमेर विकास प्राधिकरण के सचिव महावीर सिंह ने बताया कि आवेदन पत्र 27 सितम्बर से 11 अक्टूबर तक कार्यदिवस को कार्यालय समय में प्राधिकरण कार्यालय में एकल खिडकी पर स्वीकार किए जाएंगे।

आवेदन पत्र 27 सितम्बर से प्राधिकरण की भण्डार शाखा से 500 रूपए शुल्क देकर प्राप्त किए जा सकते हैं। पत्रकारों के पूर्व के आवेदन जो आवंटन बाबत लम्बित हैं। उन्हें भी इस विज्ञप्ति के तहत नवीन आवेदन करना होगा। आवेदन के बारे में अधिक जानकारी के लिए प्राधिकरण की योजना शाखा में सम्पर्क कर सकते हैं।

## विधानसभा चुनाव : थाने में जमा कराने होंगे शस्त्र

अजमेर। विधान सभा आम चुनाव-2023 के दौरान अजमेर जिले में स्वतन्त्र निष्पक्ष भयमुक्त मतदान होए कानून व्यवस्था एवं लोकशान्ति बनी रहे एवं जिले के सभी क्षेत्रों में सभी वर्गो के मतदान बिना किसी आंतक एवं भय के अपने संवैधानिक मताधिकार का प्रयोग कर सके। इसके लिए जिला क्षेत्र अजमेर में शस्त्र अनुज्ञापत्रधारकों से निर्वाचन प्रक्रिया पूर्ण होने तक उनके शस्त्र सम्बन्धित निकटतम थाने में जमा कराया जाना आवश्यक है। यह निर्देश जिला मजिस्ट्रेट डॉ. भारती दीक्षित ने दिए।

# RTDC चेयरमैन राठौड़ की अनुशंसा पर अजमेर की 6 सामाजिक संस्थाओं को भूखंड आवंटन



अजमेर। आरटीडीसी चेयरमैन व राज्यमंत्री धर्मेंद्र राठौड़ की अनुशंसा पर राज्य सरकार ने अजमेर की छह सामाजिक संस्थाओं को रियायत दर पर भूखंड का आवंटन किया है। आरटीडीसी चेयरमैन धर्मेंद्र राठौड़ ने बताया कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री निवास पर राज्य मंत्रिमंडल की बैठक आयोजित हुई। इसमें प्रदेश में शैक्षणिकसामाजिक और आर्थिक विकास के लिए 200 से अधिक सामाजिक संस्थाओं को भूमि आवंटन करने का बड़ा फैसला लिया गया है। मंत्रिमंडल ने प्रदेश में शैक्षणिक उत्थान तथा सामाजिक एवं आर्थिक विकास के लिए 200 से अधिक सामाजिक संस्थाओं को छात्रावासए वृद्धाश्रम सामुदायिक केन्द्र व अन्य सामाजिक कार्यों के लिए रियायती दर भूमि आवंटित करने का महत्वपूर्ण निर्णय लिया है।इस प्रस्ताव के अनुमोदन से इन सभी संस्थाओं को अब आरक्षित दर की 10 प्रतिशत राशि पर भूमि आवंटित की जा सकेगी साथ ही मंत्रिमंडल ने पूर्व में स्वीकृत 45 ऐसे प्रकरणों में भी यह प्रावधान करने के प्रस्ताव का अनुमोदन किया है जिन संस्थाओं ने राशि नहीं जमा करवाई है उन्हें भी 10 प्रतिशत आरक्षित दर पर भूमि आवंटित की जाएगी।राठौड़ ने बताया कि अजमेर में 6 सामाजिक संस्थाओं को आरक्षित दर पर भूमि आवंटन का निर्णय लिया है।

अजमेर विकास प्राधिकरण की ओर से संत नामदेव छीपा समाज सेवा संस्थान पुष्कर ;अजमेर को सामुदायिक भवन व छात्रावास निर्माण के लिए 1850 वर्ग मीटर भूमि, श्री कल्याण जी मंदिर टांक क्षत्रिय मारवाड़ी ;दर्जी समाज अजमेर को सामुदायिक भवन निर्माण के लिए 1450 वर्ग मीटर, ग्वारिया ;बंजारा विकास समिति अजमेर को धर्मशाला निर्माण के लिए 1500 वर्ग मीटरए मीना विकास एवं शोध संस्थान अजमेर को सामाजिक कार्य के लिए भवन निर्माण के लिए 5000 वर्ग मीटर, अग्रोहा बन्धु पश्चिम क्षेत्र संस्था अजमेर को सामुदायिक भवन निर्माण के लिए 1496 वर्ग मीटर व ऑल इण्डिया मंसूरी समाज को छात्रावास निर्माण के लिए 2500 वर्ग मीटर भूमि का आवंटन किया गया।



## 45 दिव्यांगजनों को स्कूटी वितरण हेलमेट गिफ्ट

अजमेर। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की बजट घोषणा के अन्तर्गत मुख्यमंत्री दिव्यांगजन स्कूटी वितरण कार्यक्रम का आयोजन बधिर उच्च माध्यमिक विद्यालय वैशालीनगर में आयोजित किया गया।जिला स्तरीय स्कूटी वितरण कार्यक्रम की अध्यक्षता सम्भागीय आयुक्त सीआर मीणा ने की। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि कलक्टर डॉ. भारती दीक्षित रहीं। जिले के 145 दिव्यांगजनों को स्कूटियों का हेलमेट के साथ वितरण किया गया।कार्यक्रम में संस्था के मूक.बधिर विद्यार्थियों ने वन्दे मातरम् गीत एवं लघु नाटिका की सुन्दर प्रस्तुति दी। लघु नाटिका के माध्यम से दिव्यांगजनों को अंग उपकरण के महत्व एवं राज्य सरकार द्वारा की जाने वाली सहायता की जानकारी दी गई।संभागीय आयुक्त एवं कलक्टर ने संस्था के आर्ट एवं क्राफ्ट कक्ष का अवलोकन किया। संस्था के 12वीं कक्षा कला वर्ग के श्रवण बाधित विद्यार्थी रामलाल द्वारा मुख्य सचिव उषा शर्मा का अपने हाथ से तैयार पेंसिल स्केच की तस्वीर भेंट की गई।

# नसीराबाद के दिगम्बर जैन समाज ने हर्षोल्लास से मनाया धूप दशमी पर्व

नसीराबाद। दिगम्बर जैन समाज ने दसलक्षण पर्व के छठे दिन उत्तम संयम धर्म की पूजा करते हुए धूप दशमी पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया। दिगंबर जैन युवा परिषद के अध्यक्ष निहालचंद बढ़जात्या ने बताया कि रविवार को दिगंबर जैन मंदिरों में सुगंध दशमी की व्रत कथा कही गई। जिनालयों में 24 तीर्थंकरों पुराने शास्त्रों तथा जिनवाणी के सम्मुख चंदन की धूप अग्नि पर खेई गई। सुबह जैन मंदिरों में श्रीजी का अभिषेकए शांति धारा व पूजन किया गया। उत्तम संयम धर्म की भी पूजा की गई। जैन समाज की महिलाओं ने धूप दशमी ;सुगंध दशमी के व्रत एवं उपवास किए।दिगंबर जैन समाज के प्रवक्ता विजय पाटनी ने बताया कि सुगंध दशमी के उपलक्ष में दिगंबर जैन समाज नसीराबाद के सभी मंदिरों में ब्रह्मचारिणी अर्चना दीदी एवं अंजना दीदी के सान्निध्य में यह पर्व मनाया गया। जैन समाज के लोग जुलूस के रूप में ताराचंद सेठी की नसियां से रवाना होकर मुख्य बाजार होते हुए मुनि सुब्रत नाथ मंदिर, पारसनाथ दिगंबर जैन गली वाला मंदिर,



आदिनाथ जैन बड़ा मंदिर से समाधि स्थल पर पहुंचे।इस अवसर पर ब्रह्मचारिणी अर्चना दीदी ने प्रवचन करते हुए बताया कि संयम का अर्थ नियंत्रण रोकथाम और मानसिक एकाग्रता है। उत्तम संयम यानी सर्वोच्च आत्म.संयम उन दस गुणों में से एक है जिसे मनुष्य द्वारा चार जुनून ;कषाय यानी क्रोध, घमंड, छल और लालच का प्रतिकार करने के लिए विकसित किया जाना चाहिए।धर्म की उन्नति के लिए शालीनतापूर्वक शास्त्र के अनुसार बोलना सत्य कहलाता है। पृथ्वी पर कुछ भी सत्यता के समान गौरवशाली नहीं है यह अन्य सभी गुणों को अपने साथ लाता है। अपनी पांचों इंद्रियों पर संयम रखना जरूरी है। इंद्रियों पर नियंत्रण न रखने से आध्यात्मिक अखंडता भंग होती है। यह नियम पशु जगत पर भी लागू होता है। तितली लौ की ओर आकर्षित होकर मर जाती हैए मधुमक्खी कमल से अमृत चाहती है और घातक कारावास को आमंत्रित करती है। मछली चारे से प्रलोभित हो जाती है और मछुआरे का शिकार बन जाती है।ए जालसाज़ों द्वारा शक्तिशाली हाथी को लुभाने के लिए मादा हाथी का उपयोग किया जाता है और संगीत सुनने में मग्न हिरण शिकारियों का आसान शिकार बन जाता है। कामुक संयमों का पालन करने में मन की शिथिलता चार कषायों क्रोध,मान, माया और लोभ को आमंत्रित करती है जिसके परिणामस्वरूप अनकहा दुख होता है। जो मन इन वासनाओं को नियंत्रित कर सकता है वह अपने कर्मों को नष्ट कर देता है और जीत जाता है।

## अजमेर में भारत को जानो प्रश्न मंच प्रतियोगिता 30 सितंबर को

अजमेर। भारत विकास परिषद् अजमेर मुख्य शाखा की ओर से अंतर्विद्यालय भारत को जानो प्रतियोगिता का आयोजन 30 सितंबर सुबह 8 बजे से सूचना केंद्र में होगा। प्रतियोगिता में शहर के 24 प्रतिष्ठित विद्यालय भाग लेंगे।जिला समन्वयक एवं मीडिया प्रभारी दिलीप पारीक ने बताया कि इस प्रतियोगिता में धर्मए राजनीति, खेल, भूगोल, इतिहास सहित सम सामयिक विषयों पर प्रश्न पूछे जाएंगे। क्विज में पास राऊंड बज़र राऊंड ऑडियो वीडियो राउंड आदि विभिन्न चक्र होंगे। कनिष्ठ वर्ग में कक्षा 6 से 8 के विद्यार्थी तथा वरिष्ठ वर्ग में कक्षा 9 से 12 तक के विद्यार्थी भाग ले सकेंगे।

## मोनू मानेसर उच्च सुरक्षा कारागृह में स्थानांतरित

अजमेर। राजस्थान के बहुचर्चित नासिर.जुनैद हत्याकांड के आरोप में बंद आरोपी मोनू मानेसर को अजमेर की उच्च सुरक्षा कारागृह में स्थानांतरित किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सुरक्षा की दृष्टि से मोनू मानेसर को शुक्रवार को भरतपुर से कड़ी सुरक्षा एवं पुलिस पहरे में भरतपुर पुलिस लेकर अजमेर पहुंची।

Ph.: 0141-2352789
Mob.: 9828060720
E-mail : advocatesunil32@yahoo.com
SUNIL KUMAR JAIN
Advocate
RAJASTHAN HIGH COURT
Resi.: P.No. 74, Nityanand Nagar-A Queen's Road Jaipur
Office : B-47, Shiv Hari Apartment S.S.B. Nagar, Opp. Metro Pillar-98, New Sanganer Road, Sodala, Jaipur
Chamber : Chamber No.32 'B' Block,Rajasthan High Court, Jaipur

SHM
FOLLOW US
SHREE HARI MARBLE
SHRI HARI GRANI MARMO
A HOUSE OF QUALITY MARBLE,GRANITE & TILES

समाचार भेजनें और विज्ञापन हेतु व किसी अन्य जानकारी के लिए संपर्क करें

mob +91-9887907277, 7737385114
Email ID sabgurunews@gmail.com

कार्यालय

अजमेर- 6/12 बी ब्लॉक हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी पंचशील अजमेर 305001, राज.
जयपुर - D8, गोवेर्धन कॉलोनी मोहन मार्ग विवेक विहार मेट्रो स्टेशन के पास जयपुर 302019 , राज.

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक विजय सिंह ने मुद्रक किशन गुप्ता द्वारा इंडिया ऑफसेट प्रिंटर्स 419 ब्रह्मपुरी, जयपुर रोड से मुद्रित करवाकर कार्यालय 6/12 बी ब्लॉक हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी पंचशील, अजमेर (राज.) से प्रकाशित किया। सम्पादक- विजय सिंह मो. 9887907277